[33 & A-19] Seat No. __________ No. of printed page: 01

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B. A. (V Semester) Examination 2016**
**Thursday, 17th November : 10.00 am - 1.00 pm**
**UA05CHLT12 - Hindi**
**हिन्दी नाटक**

**कुल गुण: ७०**

**सूचना :** प्रश्न के दाहिनी और के अंक प्रश्न के गुणांक दर्शाते है ।

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(कोई तीन)** (१५)

(अ) "इतिहास तो फिर भी कल हंसेगा आप पर। जब भी प्रतिभा को जाति और अवस्था के नाम पर कुचला जाएगा तो लोग आपको ही याद करेंगे। इतिहास आपको कभी क्षमा नहीं करेगा।"

(ब) "उस दासता ने मुझे सुरक्षा दी, झूठी प्रतिष्ठा दी। सुविधाओं ने मेरी धार भोंभरी कर दी। मेरे भीतर के उस आदमी को जगाया, जो बदला लेता है, जो अपने अहंकार को संसार से बड़ा मानता है।"

(क) "उस दिन भूख मेरे सिद्धांत से बड़ी हो गई थी। प्रतिशोध ने विवेक को जीता। उस दिन तुमने मुझे भड़काया। उस दिन तुमने मुझे राजकीय अन्न की दासता में धकेला।"

(ख) "झूठ बोलने वाले से झूठ सहने वाला ज्यादा बड़ा पापी होता है।"

(ग) "वोट, चुनाव सब मजाक हो गया है। सब झूठ पर चल रहा है। गरीबों की बकरी पकड़ कर उनसे पहले पैसा दुहा। अब वोट दुह रहे हैं, फिर पद और कुर्सी दुहेंगे।"

प्र.२ 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक शिक्षण में प्राप्त भ्रष्टाचार का नाटक है – चर्चा कीजिए। (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए।
(१) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक का अरविंद।
(२) 'एक और द्रोणाचार्य' का शीर्षक।

प्र.३ नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'बकरी' नाटक की समीक्षा कीजिए। (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए।
(१) 'बकरी' नाटक का उद्देश्य।
(२) 'बकरी' नाटक की विपती।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिए। (०८)
१) 'बकरी' नाटक की प्रासंगिकता।

**अथवा**

२) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक की कृपी।

(ब) अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(कोई सात)** (०७)
(१) बकरी क्या खाती है?
(२) 'बकरी' नाटक में पाँच देव के समान किसको बताया गया है?
(३) 'बकरी' नाटक में किस जानवर के मशक की बात कही गई है?
(४) दुर्जनसिंह की दृष्टि में बकरी क्या देती है?
(५) सिपाही किसकी बकरी लेकर आता है?
(६) अरविंद के मित्र का क्या नाम है?
(७) द्रोणाचार्य एकलव्य से गुरु दक्षिणा में क्या माँगते है?
(८) द्रोणाचार्य की पत्नी का क्या नाम है?
(९) अनुराधा किसका प्रतीक है?

☺☺☺☺☺